दिनांक : 30.10.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

देश की थल सेना, नौसेना और वायुसेना आज से जैसलमेर में संयुक्त युद्धाभ्यास कर रही हैं। ''त्रिशूल'' नाम के इस युद्धाभ्यास में करीब तीस हजार जवान भाग ले रहे हैं। ये अभ्यास जैसलमेर से लेकर गुजरात के कच्छ और सरक्रीक तक फैला रहेगा। 10 नवम्बर तक चलने वाले इस युद्धाभ्यास में काउंटर ड्रॉन सिस्टम, इलेक्ट्रोनिक वॉर फेयर और स्पेक्ट्रम मॉनिटरिंग पर विशेष फोकस रहेगा।

000

पंचायतीराज मंत्रालय की ओर से आज से आदर्श युवा ग्राम सभा का शुभारंभ किया जा रहा है। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि इस पहल का उद्देश्य जनभागीदारी को मज़बूत करना है। साथ ही विद्यार्थियों को ग्राम सभा सत्रों में शामिल करके सहभागी स्थानीय शासन को बढ़ावा देना है।

000

विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेले की आज से औपचारिक शुरुआत हुई। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने ध्वजारोहण कर मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान आयोजित समारोह में नगाड़ा वादक नाथूराम सोलंकी ने एक सौ से ज्यादा सदस्यों की टीम के साथ नगाड़ा वादन की प्रस्तुति दी। मेले में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में देशी–विदेशी सैलानियों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। पर्यटकों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी रखी गई हैं। इसी कड़ी में आज फुटबॉल मैच खेला जाएगा।

पांच नवम्बर तक चलने वाले इस मेले में पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन की ओर से कई तरह की प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस बीच, पशु मेले में पशुओं की खरीद–फरोख्त के लिए लोग पहुंच रहे हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को पुष्कर मेले की शुरूआत पर भकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया संदेश में लिखा कि ये मेला प्रदेश की संस्कृति और परम्पराओं और अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

000

गोपाष्टमी पर्व के अवसर पर आज प्रदेशभर की गौशालाओं में महोत्सव आयोजित किये जा रहे हैं। जगह–जगह गौपूजन, गौसेवा और गौ संरक्षण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियाँ हो रही हैं। आम लोगों में गौसंरक्षण के प्रति संवेदनशीलता और सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से ये आयोजन किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर गौपूजन कर प्रदेश में सुख–समृद्धि की कामना की।

000

प्रदेश में कई स्थानों पर हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे कम 15 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस तापमान सिरोही में रिकॉर्ड हुआ। ज्यादातर स्थानों पर रात का पारा 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है। वहीं अधिकतर जगहों पर दिन के तापमान में 5 से 12 डिग्री की गिरावट रिकॉर्ड हुई है।

सिरोही में पारा लुढ़क कर 19 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। सबसे अधिक साढे 32 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान बाड़मेर में रहा।

इस बीच, आज भी कई स्थानों पर हल्की बारिश हो रही है वहीं कई जगह बादल छाये हुए हैं। राजधानी जयपुर में आज सुबह से ही रिमझिम बरसात हो रही है।

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आज राज्य के दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में हल्की बारिश की गतिविधियां बनी रहने की संभावना है। हालांकि भारी बरसात में कमी आएगी। उदयपुर और कोटा संभाग तथा आस–पास के जिलों में अगले चार–पांच दिन बारिश का पूर्वानुमान है। इस बीच, बरसात से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। राज्य के

000

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में आज भारत का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होगा। ये मैच दोपहर तीन बजे से नवी मुंबई के डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में होगा। इससे

पहले कल दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड पर 125 रन की जीत के बाद विश्व कप के फाइनल में जगह पक्की कर ली है।

000

राष्ट्रीय ई–विधान एप्लीकेशन–नेवा पर राष्ट्रीय सम्मेलन आज से नई दिल्ली में होगा। संसदीय कार्य मंत्रालय की ओर से इसका आयोजन किया जा रहा है। ये सम्मेलन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नेवा के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

इस सम्मेलन के माध्यम से शेष रही विधान सभाओं को भी नेवा प्लेटफॉर्म पर लाने सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी। इस दौरान विधायी प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने, आंकड़ों की पहुँच में सुधार करने और विधान सभाओं के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही बढाने पर विचार विमर्श होगा। इसके साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को बढावा देने पर भी चर्चा होगी।

000